https://cm.jharkhand.gov.in/

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 21/07/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 164/2024
21 जुलाई 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
===========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं केआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने मुलाकात की।
===========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में देश के प्रसिद्ध शिक्षाविद एवं केआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संस्थापक डॉ० अच्युत सामंत ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं उनके बीच राज्य में शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार, वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम एवं अन्य विकासात्मक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई।

मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेस (KISS) की शाखा के स्थापना को लेकर डॉ० अच्युत सामंत से विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने डॉ. अच्युत सामंत से कहा कि विगत दिनों उनके ओडिशा दौरे के क्रम में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेस द्वारा आयोजित समारोह में शामिल होने का अवसर मिला था, उसी समय झारखंड में भी KISS की शाखा खोलने पर सकारात्मक चर्चा भी हुई थी। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि वर्ष 2025 में कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेस के यूनिट की स्थापना राज्य में हो, इस निमित्त एक बेहतर कार्य योजना बनाकर इस शिक्षण संस्थान की स्थापना को उनकी सरकार मूर्त रूप देगी। मौके पर मुख्यमंत्री ने केआईआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

###

===========================

TeamPRD(CMO)